# प्रदेश में पांच और हवाई अड्डों से जल्द शुरू हो सकेंगी उड़ानें

## जल्द कामर्शियल उड़ानों के लिए भी मिल सकेगा लाइसेंस

- मुरादाबाद, अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट व श्रावस्ती हवाई अड्डों के संचालन के लिए मिला एनओसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : प्रदेश के पांच और हवाई अड्डों से अब जल्द हवाई उड़ानें शुरू हो सकेंगी। केंद्र सरकार ने मुरादाबाद, अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट और श्रावस्ती में हवाई अड्डों के संचालन के लिए अपनी 'अनापत्ति' दे दी है। इसके साथ ही अब जल्द यहां से कामर्शियल उड़ानों के लिए लाइसेंस भी मिल सकेगा।



सरकार ने पिछले वर्ष जुलाई में ही इन हवाई अड्डों के संचालन और प्रबंधन के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ अनुबंध किया था। एयरपोर्ट का विकास प्रदेश सरकार को करना था, जबकि इनका संचालन व प्रबंधन विमानपत्तन प्राधिकरण की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार से एनओसी मिलने के बाद अब यहां से जल्द हवाई सेवाएं शुरू हो सकेंगी। सरकार का दावा है कि हवाई सेवाएं शुरू होने से इन क्षेत्रों के विकास में पंख लग जाएंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय व नागरिक उड्डयन विभाग के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने मंगलवार को ट्वीट किया कि 'यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि भारत सरकार ने मुरादाबाद, अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट और श्रावस्ती में हवाई अड्डों के संचालन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है।'